Seventeenth Loksabha

an>

Title: Regarding appointment of an Additional Director to oversee the CGHS Aarogya Kendras at Ajmer, Jodhpur and Kota in Rajasthan

श्री भागीरथ चौधरी (अजमेर): गत अप्रैल 2019 में देश के 33 डाक औषधालयों का सीजीएचएस में विलय हुआ जिसके तहत राजस्थान प्रदेश में भी अजमेर, जोधपुर और कोटा औषधालयों को सीजीएचएस में विलय कर उनका प्रशासनिक नियंत्रण ए.डी., सीजीएचएस, जयपुर के अधीनस्थ कर दिया गया। जिससे उक्त तीनों स्थानों के पेंशनरों के विभिन्न कार्य जैसे कार्ड बनवाना, कार्ड का नवीनीकरण, प्रतिबंधित दवाएं आदि हेतु बार-बार मजबूरी वश जयपुर जाना ही पड़ता है। इससे ए.डी. कार्यालय, जयपुर पर भी काम का बोझ भी बढ़ गया है। ज्ञात रहे कि राजस्थान में अजमेर मे जोधपुर और कोटा कल्याण केन्द्रों से सबसे अधिक पेंशनर कार्ड अजमेर के पास है। जहां अजमेर में 1228 पेंशनर कार्ड हैं जबकि जोधपुर में 1060 और कोटा में केवल 299 पेंशनर कार्ड हैं। चूंकि अजमेर, जोधपुर और कोटा के मध्य में भी स्थित है। पूर्व में, डाक विभाग में डी.डी.जी. मेडिकल के जितने पद थे, उन्हें सीजीएचएस में डाक औषधालयों के साथ विलय कर दिया गया था। डी.डी.जी. मेडिकल के 05 पद ऐसे भी थे जिनका विलय डाक औषधालयों से सीजीएचएस मे हुआ था तो इनमें से 01 पद को नए ए.डी. कार्यालय के लिए अजमेर को दिया जा सकता है। अतः अजमेर, जोधपुर एवं कोटा आरोग्य केन्द्रों के लिये अजमेर में एक अपर निदेशक का नवीन पद चालू वितीय वर्ष 2022-23 में स्वीकृत करने की सक्षम विभागीय कार्यवाही कराने हेतु निर्देशित करें। साथ ही यहां स्वीकृत कार्मिकों के रिक्त पदों को शीघ्र भराने के साथ-साथ संचालित भवन जो कि डाक विभाग का 100 वर्ष पुराना भवन हैं, के नियमित रखरखाव एवं मरम्मतीकरण हेतु आवश्यक बजट भी स्वीकृत करावें।